वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 184 | रविवार 30 अक्टूबर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राजस्थान में कड़ाके की ठंड की चेतावनी

### 4 डिग्री तक गिरेगा तापमान, कश्मीर-हिमाचल में बर्फबारी का असर



**जयपुर. कासं।** राजस्थान में 4 नवंबर से कड़ाके की ठंड पड़ेगी। उत्तरी भारत में एक नवंबर से एक्टिव होने वाले वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण कश्मीर-हिमाचल में बारिश-बर्फबारी होगी, जो अगले महीने कुछ दिन तक जारी रहेगी। इससे राज्य के तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी। कुछ शहरों में तापमान 10 डिग्री से भी नीचे जाने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तरी भारत में एक के बाद एक दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस अगले महीने के पहले और दूसरे सप्ताह में आएंगे। इसमें दूसरा सिस्टम ज्यादा प्रभावशाली होगा, जिसका असर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तरी प्रदेश तक देखने को मिलेगा। इस सिस्टम से पहाड़ों पर अच्छी बर्फबारी के साथ बारिश भी होगी। इससे राजस्थान में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा, जिससे कई शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस दौरान उत्तरी राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, अलवर, सीकर में सर्द हवा भी चल सकती है। इसके अलावा यहां सुबह-शाम कोहरा भी छा सकता है।

# राजस्थान में डेंगू का डंक

### हर रोज 150 लोग हो रहे पॉजिटिव; मानसून विदा होने के बाद दो गुना स्पीड से बढ़े केस

**जयपुर. कासं**

मानसून के विदा होने के साथ राजस्थान में मौसमी बीमारियां तेजी से बढ़ने लग गई। राज्य में इन दिनों सबसे ज्यादा मामले डेंगू-मलेरिया के आ रहे है। हर रोज औसतन 148 से ज्यादा लोग इस बीमारी का शिकार हो रहे है। बच्चों में ये तेजी से बढ़ रहा है। जयपुर के जेके लॉन हॉस्पिटल में हर रोज 10 से ज्यादा संदिग्ध मरीज यहां आ रहे है। हालांकि राहत की बात ये है कि इस बार डेंगू में सीवियरिटी बहुत कम है। यही कारण है कि इस बार डेथ केस बहुत ही कम है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट राजस्थान से जारी रिपोर्ट देखे तो इस सीजन में अब तक डेंगू के 8100 से ज्यादा केस मिल चुके है, जिसमें से 39 फीसदी केवल जयपुर में मिले है। जयपुर में इस सीजन में अब तक 3180 केस आ चुके है। पिछले 21 दिन में ही राज्य में 2 हजार से ज्यादा केस मिले है। इसमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हैं। जेके लॉन हॉस्पिटल के सुप्रीडेंट और पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. आर.के. गुप्ता ने बताया कि यहां हर रोज ओपीडी में 10 से ज्यादा डेंगू के सस्पेक्ट मरीज आ रहे है, जिनका ट्रीटमेंट किया जा रहा है। लेकिन इसमें ज्यादातर मरीज एलाइजा टेस्ट में नेगेटिव आ रहे है यानी उनमें डेंगू नहीं मिल रहा है। इधर रेपिड टेस्ट में भी यही स्थिति है, जिसमें बहुत ही कम केस पॉजिटिव मिल रहे है। इस बार एडमिशन बहुत कम हो रहे है और मरीजों को दवाईयां देकर घर पर ही ठीक कर रहे है। इस कारण जेके लॉन समेत दूसरे हॉस्पिटल में एसडीपी, प्लेटलेट्स को लेकर ज्यादा समस्या नहीं आ रही।




### जयपुर में 6 दिन में 514 मरीज मिले

मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट देखे तो पिछले 6 दिन (एक से 6 अक्टूबर) तक पूरे राजस्थान में 990 नए मरीज डेंगू के मिले है। जिलेवार स्थिति देखें तो सबसे ज्यादा मरीज राजधानी जयपुर में 514 डिटेक्ट हुए हैं यानी हर रोज औसतन 85 मरीज आ रहे हैं जिनका रिकॉर्ड सरकार की रिपोर्ट डायरी में दर्ज है। जबकि जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल के अलावा जेके लॉन, जयपुरिया के अलावा दूसरे प्राइवेट हॉस्पिटल में जनरल मेडिसिन के वार्ड डेंगू के मरीजों से भरे पड़े हैं।

### बाड़मेर दूसरा बड़ा सेंटर

आबादी और जनसंख्या के हिसाब से भले ही जोधपुर, कोटा, उदयपुर समेत दूसरे जिले बड़े है, लेकिन जयपुर के बाद डेंगू के सबसे ज्यादा केस बाड़मेर में आ रहे है। इस सीजन में बाड़मेर में अब तक 619 मरीज मिल चुके है। दीपावली से पहले तो हालात ये थे कि यहां सीएचसी और डिस्टिक हॉस्पिटल में बैड फुल हो गए थे।

# खड़गे से मिलकर पायलट ने दिया फीडबैक: कांग्रेस हाईकमान फिर भेज सकता है ऑब्जर्वर; सुगबुगाहट शुरू

**जयपुर. कासं**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अध्यक्ष पद संभालने के बाद अब राजस्थान को लेकर लंबित फैसलों पर एक्शन होने के आसार बन रहे हैं। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने 27 अक्टूबर को खड़गे से मुलाकात कर लंबी चर्चा की है। खड़गे के अध्यक्ष का चार्ज संभालने के बाद पायलट ने पहली बार उनसे मुलाकात की है। खड़गे से पायलट की मुलाकात के सियासी मायने हैं। इस मुलाकात को पायलट की अगली भूमिका से जोड़कर देखा जा रहा है। राजस्थान कांग्रेस के सियासी बवाल की वजह के पीछे पायलट की भूमिका पर फैसला ही था। बताया जाता है कि पायलट ने खड़गे को राजस्थान के सियासी हालात




और चुनावी साल में बनने वाले समीकरणों पर फीडबैक दिया है। राजस्थान सरकार के कामकाज, अगले विधानसभा चुनाव और पिछले ढाई साल से पार्टी में ग्रास रूट स्तर पर संगठन के पदों पर नियुक्तियां नहीं होने के मुद्दे पर भी बात हुई है। पायलट हिमाचल प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी के मेंबर भी हैं। ऐसे में पायलट ने खड़गे को हिमाचल के चुनावी हालात पर भी फीडबैक दिया है। पायलट को विधानसभा चुनावों में स्टार प्रचारक की जिम्मेदारी दे रखी है, साथ ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की कमेटी में भी पायलट मेंबर हैं। खड़गे से इन सब मुद्दों पर भी बात हुई है। खड़गे के चार्ज संभालते ही 26 अक्टूबर को सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने इस्तीफे दे दिए हैं। अब खड़गे अगले महीने तक सीडब्ल्यूसी और राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी संगठन में नियुक्तियां करेंगे। संगठन की नियुक्तियों करने के बाद राजस्थान की बारी आएगी। दरअसल, नवंबर-दिसंबर तक पायलट के रोल पर फैसला हो जाएगा।

# जैन बैंकर्स फोरम ने किया प्रसिद्ध गायिका समता गोदिका का सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन बैंकर्स फोरम ने प्रसिद्ध गायिका श्रीमती समता गोदिका का उनकी सेवाओं के लिए सम्मान किया। बैंकर्स फोरम के पदम बिलाला व भागचंद जैन ने बताया कि भट्टारक जी की नशियां मे आयोजित समारोह मे फोरम द्वारा प्रसिद्ध गायिका श्रीमती समता गोदिका का उनके द्वारा दी गई निस्वार्थ सेवाओं के लिए शाल दुपट्टा उढ़ाकर तथा माला पहना कर सम्मान किया गया।








## राज्यपाल ने जोधपुर में दो दिवसीय पश्चिम क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने न्यायपालिका को आम आदमी के निकट लाते हुए त्वरित और किफायती न्याय दिलाने की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाने के लिए गंभीरतापूर्वक विचार करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विधिक चेतना और न्यायिक जागरुकता के लिए भी वृहद स्तर पर प्रयास किए जाने की जरूरत है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने यह उद्गार शनिवार को जोधपुर में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा ''कंटेपररी जूडिशियल डवलपमेंट एण्ड स्ट्रेन्थनिंग जस्टिस फॉर लॉ एण्ड टेक्नॉलॉजी'' विषय पर राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी ऑडिटोरियम में आयोजित पश्चिम क्षेत्र के पहले दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। इसमें राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के निदेशक ए.पी. साही सहित राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं गुजरात के हाईकोर्ट न्यायाधीश और न्यायिक अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। मीश्र ने न्यायाधीशों को संबोधित करते हुए कहा कि वे न्याय व्यवस्था ही नहीं बल्कि संविधान से जुड़े कानूनों के भी मुख्य प्रहरी हैं। इस दृष्टि से राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा न्यायिक शिक्षा, अनुसंधान और इससे जुड़े नीतिगत विकास के जरिए देश में न्याय प्रशासन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हो रहे कार्य अहम् हैं।

# दुनिया में शान्ति के लिए भगवान महावीर के सिद्धांत जरुरी : आचार्य श्री सुनील सागर जी

## आज 30 अक्टूबर को होगा भगवान महावीर 2550 वां निर्वाणोत्सव अहिंसा रथ प्रवर्तन

**राज्यपाल कलराज मिश्र भट्टारक जी की नसियां से करेंगे रवाना। भगवान महावीर के जीओ और जीने दो अहिंसा शाकाहार, विश्व शांति एवं अन्य सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएगा।**

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

वर्ष 2023 में भगवान महावीर का 2550 वां निर्वाणोत्सव पूरे विश्व में विशाल स्तर पर मनाया जाएगा इस मौके पर पूरे वर्ष विश्वभर में आयोजन होंगे। इसी कड़ी में भगवान महावीर के सिद्धांतों को जन जन तक प्रसारित करने हेतु जयपुर के भट्टारक जी की नसियां से एक रथ देश में भ्रमण के लिए रवाना होगा। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र आचार्य सुनील सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में भगवान महावीर 2550 वहां निर्वाणोत्सव अहिंसा रथ प्रवर्तन समारोह का आयोजन रविवार,30 अक्टूबर को भट्टारक जी की नसियां में होगा। यह जानकारी शनिवार को भट्टारक जी की नसियां में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री भगवान महावीर 2550 वां निर्वाण महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ मणीन्द्र जैन ने दी। संवाददाताओं को श्वेताम्बर जैन आचार्य लोकेश मुनि, भारतीय विदेश नीति परिषद एवं भारतीय भाषा सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ वेद प्रकाश वैदिक, मौलाना आजाद नेशनल ऊर्दू विश्वविद्यालय हैदराबाद के पूर्व कुलपति फिरोज बख्त अहमद, जैन इंटर नेशनल आर्गनाइजेशन के अध्यक्ष घेवर चन्द बोहरा, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन'कोटखावदा', राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कोन्सिल के सदस्य डॉ निर्मल जैन एवं भगवान महावीर 2550वां निर्वाण महोत्सव समिति के मुख्य संयोजक अजित कासलीवाल ने सम्बोधित किया। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि रविवार को प्रातः 10.30 बजे से आयोजित रथ प्रवर्तन शुभारंभ समारोह के मौके पर सभी धर्मो के धर्म गुरु व गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। डॉ मणीन्द्र जैन ने बताया कि यह देश के प्रमुख शहरों, कस्बों एवं गांवों में लगभग 70 हजार किलोमीटर की अपनी आध्यात्मिक यात्रा पूर्ण करेगा, जिससे भगवान महावीर को ''जन जन के महावीर'' बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस रथ के राष्ट्र भ्रमण के द्वारा 10 करोड जैनेतर समाज में तीर्थकरों द्वारा उपदेशित जैन धर्म की जन जन का जीवन सुखमय बनाने के लिए प्रमुख बातें तथा जैन समाज के द्वारा देश और सर्व समाज के लिए किए जा रहे कार्यो के प्रति जागरूकता पैदा कर अहिंसा, शाकाहार, पर्यावरण तथा भगवान महावीर के प्रमुख सिद्धांत 'जीओ और जीने दो' का प्रचार प्रसार देश भ्रमण के दौरान किया जाएगा। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आचार्य सुनील सागर महाराज ने कहा कि धर्म तोड़ता नहीं अपितु आपस में जोड़ता है। भगवान महावीर अहिंसा, शांति, सहिष्णुता के अग्रदूत थे।आज भगवान महावीर के सिद्धांतों की पूरी दुनिया को आवश्यकता है। यदि सारी दुनिया भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चले व पूरी तरह से अपना लें तो दुनिया की हिंसा, युद्ध सहित सारी समस्याएं समाप्त हो जाएगी। व्यसन एवं बुराईयां दूर हो जावे तो मानव का जीवन सुखमय हो जाएगा तथा सुधर जाएगा। प्राकृत भाषा देश की सबसे प्राचीन भाषा है। इसे देशवासियों को अपनाना चाहिए। आचार्य श्री ने अहिंसा रथ प्रवर्तन शुभारंभ के लिए आशीर्वाद दिया। रविवार को होने वाले रथ प्रवर्तन शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र होंगे। अध्यक्षता श्री दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मणीन्द्र जैन करेंगे। इस मौके पर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के अध्यक्ष एडवोकेट सुधांशु कासलीवाल,मानद् मंत्री महेन्द्र कुमार पाटनी,शीला डोड्या, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा,कमल पाटनी, आचार्य लोकेश मुनि, आचार्य शैलेष, साहित्यकार वेद प्रकाश वैदिक, फिरोज बख्त अहमद, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चैयरमेन इकबाल सिंह लालपुरा सहित सभी धर्मों के धर्म गुरु, बड़ी संख्या में विद्वान, लेखक, विचारक उपस्थित रहेंगे।




## आचार्यश्री वर्धमान सागर के दर्शनार्थ यात्री दल श्रीमहावीर रवाना

**अर्पित जैन. शाबाश इंडिया।**

मदनगंज-किशनगढ़। वात्सल्य वारिधि 108 आचार्यश्री वर्धमान सागर ससंघ के श्री महावीरजी में आयोजित भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह में भाग लेने के लिए किशनगढ़ से भी जैन समाज का यात्री दल रवाना हुआ। किशनगढ़ से श्री महावीरजी जाने वाली रवीन्द्र रंगमंच से बस को मुनिसुव्रतनाथ पंचायत के अध्यक्ष विनोद पाटनी आदि गणमान्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस रवानगी से पूर्व बस पुण्यार्जक परिवार कमलप्रकाश विमलप्रकाश बैद ऊंटड़ा वाले का माला व शाल ओढ़ाकर व तिलक लगाकर समाज की ओर से अभिनंदन किया गया। प्रचार मंत्री गौरव पाटनी ने बताया कि आचार्यश्री वर्धमान सागर महाराज साल 2023 में किशनगढ़ में आयोजित दो मंदिरों के भव्य पंचकल्याणक महोत्सव में सान्निध्य में प्रदान करेंगे।



## गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी के अवतरण दिवस पर होंगे तीन दिवसीय आयोजन

### आज रविवार,30 अक्टूबर को पदमपुरा में होगा मुख्य आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भारत गौरव, स्वस्तिधाम प्रणेता परम विदुषी लेखिका युग प्रवर्तिका गणिनी आर्यिका 105 स्वस्तिभूषण माताजी का 53 वां अवतरण दिवस (जन्म जयंती) समारोह तीन दिवसीय आयोजन के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा प्रबंधकारिणी कमेटी एवं गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी चातुर्मास व्यवस्था समिति के तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में जयपुर सहित पूरे देश से जैन धर्मावलंबी बड़ी संख्या में श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा बाड़ा पहुंचेंगे। क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन एवं मानद् मंत्री एडवोकेट हेमन्त सोगानी ने बताया कि आज रविवार,30 अक्टूबर को प्रातः 8.30 बजे से शुभकामना परिवार का राष्ट्रीय अधिवेशन होगा।



## वेद ज्ञान

### आत्मविश्वास की शक्ति

अस्तित्व में मौजूद हर वस्तु में ऊर्जा है। मनुष्य के भीतर भी ऊर्जा का असीम स्त्रोत है, लेकिन वह कभी यह विश्वास नहीं कर पाता है कि ऐसी अद्भुत और विलक्षण ऊर्जा उसके भीतर निहित है। मनुष्य अगर ठान ले, तो इस ऊर्जा की बदौलत कुछ भी कर सकता है। मनुष्य अपनी ऊर्जा को हर जगह खोजता है, लेकिन अपने भीतर झांककर नहीं देखता। वह हथेलियों से अपनी आंखें ढककर अंधकार की शिकायत जरूर करता है, लेकिन अपने भीतर नहीं झांकता। मनुष्य के लिए कुछ भी असंभव नहीं है, लेकिन दुख की बात है कि उसे स्वयं पर ही विश्वास नहीं होता कि उसके भीतर इतनी शक्तियां विद्यमान हैं। यदि मनुष्य अपनी मन की गहराइयों में जाए तो वह अपनी शक्तियों को पहचानकर और उनका इस्तेमाल करके असंभव कार्य को भी संभव कर सकता है। जो व्यक्ति अपनी भीतरी ऊर्जा से आत्मसात हुए वे भविष्य में महापुरुष व युगपुरुष कहलाए। दृढ़ आत्मविश्वासी मनुष्य का हर कार्य सफल होता जाता है। जैसे-जैसे मनुष्य को सफलता मिलती जाती है उसका विश्वास और दृढ़ होता चला जाता है। आत्मविश्वास के कारण ही मनुष्य के चरित्र-बल को शक्ति मिलती है। कुछ लोग अपने आत्मविश्वास को जाग्रत करके कार्य शुरू जरूर कर देते हैं, लेकिन मार्ग में आने वाली छोटी-छोटी बाधाओं से घबराकर वे कार्य को बीच में ही छोड़ देते हैं। इसके विपरीत दृढ़ आत्मविश्वासी लोग आशंका व भय से घबराए बगैर आशा और विश्वास के जरिये पूरे मनोयोग से कार्य को करते हैं और अंततः सफलता प्राप्त करते हैं। कार्य के असफल होने का भय मध्यम श्रेणी के व्यक्ति पर इस तरह हावी होने लगता है कि उसका आत्मविश्वास डगमगा जाता है और वे बीच रास्ते से भाग खड़े होते हैं। इसके विपरीत उत्तम श्रेणी के व्यक्ति कार्य की सिद्धि तक अपनी सकारात्मक ऊर्जा को बनाए रखते हैं। राह में कितनी ही बाधाएं क्यों न आएं, उनका आत्मविश्वास बिल्कुल नहीं डगमगाता और अंततः वे कार्य को पूर्ण करके ही दम लेते हैं।

## संपादकीय

### चुनावों की जुबानी जंग और राजनेता

कई बार चुनाव की जुबानी जंग में राजनेता लोकतांत्रिक तकाजों और सामाजिक बुनावट को भूल जाते हैं। यहां तक कि वे मजाक तो अपने प्रतिद्वंद्वी का बनाना चाहते हैं, मगर हंसी का पात्र वे खुद बन जाते हैं। फिर भी खुद को सही साबित करने की जिद नहीं छोड़ते। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ भी केंद्र सरकार की खिल्ली उड़ाने की कोशिश में यही हो रहा है। डालर के मुकाबले रुपए की गिरती कीमत को लेकर केंद्र पर तंज कसते हुए उन्होंने कह डाला कि अब देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए देवी-देवताओं के आशीर्वाद की जरूरत है। इसके लिए भारतीय नोटो पर गांधी जी की तस्वीर के साथ लक्ष्मी और गणेश का चित्र भी छापना शुरू कर देना चाहिए। इस तरह रुपए पर उनकी कृपा बनी रहेगी। अपनी बात में वजन डालने के लिए उन्होंने इंडोनेशिया के रुपए पर गणेश जी की तस्वीर छापने का उदाहरण भी दे दिया। स्वाभाविक ही



उनके इस बयान को लेकर भाजपा को निशाना साधने का मौका मिल गया है। वह चुन-चुन कर उनके वे सारे बयान गिना रही है, जब केजरीवाल ने ऐसे प्रयासों के लिए भाजपा का विरोध किया था। गुजरात के विधानसभा और दिल्ली नगर निगम के चुनावों में आम आदमी पार्टी भाजपा को पटखनी देने के दावे कर रही है। इस तरह वह केंद्र सरकार की सारी नाकामियां गिनाती फिर रही है। इसी क्रम में केजरीवाल ने रुपए की हालत को मुद्दे के रूप में उठा लिया। मगर वे अर्थव्यवस्था को लेकर बात करते, तो शायद उतनी अटपटी न लगती, जितनी रुपए के स्वरूप को बदलने की उनकी सलाह लगी। छिपी बात नहीं है कि आम आदमी पार्टी भाजपा को उसके ही हथियार से हराना चाहती है। इसी कोशिश में केजरीवाल बार-बार खुद को भाजपा से अधिक राष्ट्रवादी और हिंदू हितैषी साबित करने का प्रयास करते दिखते हैं। पूरी दिल्ली में तिरंगा लगाने का मामला हो या फिर बुजुर्गों को तीर्थयात्रा पर भेजने का, हर मंच से इन्हें अपनी बड़ी उपलब्धियों में गिनाते रहे हैं। रुपए पर हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीर छापने की सलाह भी उन्होंने इसी मंशा से दी कि इस तरह वे हिंदू वोटों को अपने पक्ष में कर सकेंगे। ऐसा नहीं माना जा सकता कि उन्हें इस बात की समझ न हो कि भारतीय रुपए पर किसी देवी-देवता की तस्वीर न छापने के पीछे मकसद क्या है। हमारा संविधान धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों पर बल देता है। यह ठीक है कि चुनावी माहौल में मतदाता चुटीले बयानों को देर तक याद रखते हैं। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं लगाया जा सकता कि इसका लाभ उठाने के लिए बेतुके बयान दिए जाएं। अरविंद केजरीवाल मुफ्त की सेवाओं का दावा कर जनमत अपने पक्ष में करने का नुस्खा लंबे समय से आजमाते आ रहे हैं। इससे लोग प्रभावित भी हैं, फिर उन्हें ऐसी क्या मजबूरी हो गई कि धार्मिक भावनाओं से खेलना शुरू कर दिया। क्या वास्तव में आम आदमी पार्टी के अपने मूलभूत सिद्धांतों से यह बयान कहीं मेल खाता है, जिसका सहारा उन्होंने लेना शुरू किया है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

### मानवता के बरक्स

रूस-यूक्रेन युद्ध अब जिस मोड़ पर पहुंच गया है, उसमें परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई जाने लगी है। रूस ने यूक्रेन को ऐसे हमलों के लिए तैयार रहने की धमकी भी दी थी। यूक्रेन भी आशंका जता रहा है कि रूस ड्यडर्टी बमह्व का इस्तेमाल कर सकता है। दरअसल, करीब दो हफ्ते पहले यूक्रेन की ओर से किए गए एक बड़े हमले के जवाब में रूस जिस तरह यूक्रेन के शहरों को निशाना बना कर हमले कर रहा है, उससे भारी तबाही की आशंका गहरी होती गई है। इस सिलसिले में भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि किसी भी रूप में, किसी भी पक्ष द्वारा परमाणु हथियारों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ होगा। इस मसले का हल कूटनीति और आपसी बातचीत से ही निकालने का प्रयास किया जाना चाहिए। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने यह अपील अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु से बातचीत के दौरान की। यह बातचीत रूस की पहल पर ही आयोजित हुई थी। हालांकि कहना मुश्किल है कि रूस भारत की इस अपील को कितनी गंभीरता से लेगा। जब युद्ध शुरू हुआ तबसे लेकर अब तक भारत कई बार यह बात दोहरा चुका है, मगर दोनों में से किसी भी देश ने अपने रुख में लचीलापन लाने का प्रयास नहीं किया। भारतीय प्रधानमंत्री कई बार फोन पर दोनों देशों के नेताओं से बातचीत करके आपसी संवाद के जरिए समाधान निकालने की सलाह दे चुके हैं। समरकंद में शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान जब रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात हुई तब भी उन्होंने यह बात कही थी। उस वक्त पुतिन ने उनकी सलाह पर अमल का भरोसा भी जताया था। मगर उसके कुछ दिन बाद ही रूस ने यूक्रेन पर भारी हमले शुरू कर दिए थे। रूस चाहता है कि यूक्रेन आत्मसमर्पण कर दे, मगर वह झुकने को तैयार नहीं। दरअसल, सोवियत संघ टूटने के बाद यूक्रेन ने रूस से अलग होकर स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम की थी। अब वह यूरोपीय देशों के संगठन नाटो का सदस्य बन कर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहता है। रूस को लगता है कि अगर यूक्रेन नाटो का सदस्य बन गया, तो यूरोपीय सेनाएं उसकी सरहद पर आ खड़ी होंगी। इसलिए उसने यूक्रेन पर यह सदस्यता न लेने का दबाव बनाया। यूक्रेन नहीं माना, तो रूस ने उस पर हमला कर दिया। हालांकि इस मसले को आपस में मिल-बैठ कर भी सुलझाया जा सकता था, मगर दोनों अपनी जिद पर अड़े हुए हैं और दुनिया तबाही देख रही है। अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इसलिए बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। युद्ध में अक्सर ऐसे क्षण आते हैं, जब दुश्मन को घुटने टेकने को मजबूर करने की चाह में सत्ताधीश अपना विवेक खो देते हैं। इसीलिए हर कोई इस खतरे से आशंकित है। इस युद्ध को चलते लंबा वक्त हो गया। इसका असर पूरी दुनिया पर नजर आने लगा है। अब जरूरत है कि केवल सलाह देने के बजाय सभी देश मिल कर इसे रोकने के लिए बातचीत की पहल करें। कुछ ऐसे देशों की एक ऐसी समिति बने, जिन पर दोनों देशों को भरोसा हो। वे मिल कर बातचीत का सिलसिला चलाएं और तब तक दोनों देशों से युद्ध रोकने पर सहमति बनाई जाए।


# नेट थिएट पर जिमी 'ज' बैंड खूब जमा

## आई एम ऑन द टॉप ऑफ द वर्ल्ड



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट थिएट कार्यक्रमों की शृंखला में जिम्मी 'ज' बैंड ने इंडो वेस्टर्न नाइट कार्यक्रम में एक अद्भुत संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति से युवा पीढ़ी का मन मोह लिया। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकारों ने अनेक अंतरराष्ट्रीय हिट गाने 'कांट हेल्प फॉलिंग इन लव', 'कंट्री रोड्स टेक मी होम' और 'आई हैव ए ब्लैक मैजिक वूमेन' सुपरहिट गाने गाए और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदर्शनों में एल्विस, बीटल्स, ईगल्स, यूबी 40, कारपेंटर्स, सैन्टाना आदि कलाकारों के सदाबहार सूपर हिट गाने सुनाकर वाह वाही लूटी। सिंगर जिम्मी थॉमस ने की बोर्ड के साथ अपनी गायकी का अद्भुत परिचय दिया। गिटार पर गौरव भट्ट और ऑक्टोपैड पर राघवेंद्र माथुर ने अद्भुत संगत से कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। कार्यक्रम में प्रकाश संयोजन मनोज स्वामी कैमरा जितेश शर्मा मंच सज्जा श्रुति शर्मा अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की रही।

# पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए समाज बंधुओं की सभा आयोजित



**इंदौर. शाबाश इंडिया**

30 नवंबर से 5 दिसंबर तक चमेलीबाग गोयलनगर में होने वाले श्री नेमिनाथ जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के संबंध में नगर के समस्त दिगंबर जैन मंदिरों एवं समाज के पदाधिकारियों की सभा श्रुत संवेगी मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज, मुनिश्री अप्रमितसागरजी एवं मुनि श्री सहजसागरजी महाराज के सानिध्य एवं दिगंबर जैन समाज सामजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी एवं तुकोगंज दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष श्रीमती रानी डोषी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई।
मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस प्रतिष्ठा महोत्सव के माध्यम से विश्व की सबसे बड़ी 51 इंच ऊंची शांतिनाथ भगवान की स्फटिक मणि की सुदर्शनीय प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा मुनि संघ के सानिध्य में विधि विधान के साथ की जाएगी । जिसे प्रतिष्ठा उपरांत समोशरण मंदिर कंचन बाग में निर्मित नवीन वेदी पर मूलनायक प्रतिमा के रूप में विराजमान किया जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ने कहा कि पंडित रतनलाल जी शास्त्री की प्रेरणा से समोसरण मंदिर में इस प्रतिमा के विराजमान होने से इंदौर नगर का गौरव बढ़ेगा और समोसरण मंदिर भी तीर्थ स्वरूप बन जाएगा। सभा का संचालन करते हुए श्री हंसमुख गांधी ने प्रतिष्ठा महोत्सव की रूपरेखा एवं प्रतिमा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। आजाद कुमार , पंडित रतन लाल शास्त्री एवं कीर्ति पांड्या ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सुशील पांड्या, अरुण सेठी, डॉक्टर जैनेंद्र जैन, रजनीकांत गांधी मनोज बाकलीवाल, विजया दीदी, विकास जैन, पदम काला बाकानेर एवं समोसरण ग्रुप के सभी सदस्य भी उपस्थित थे। अमित जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज की 557 दिन की अखण्ड मौनतप साधना

## भव्यातिभव्य आमंत्रण एवं पंचकल्याणक प्रतिष्ठा के मुख्य पात्रों का सम्मान रविवार को

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन संत अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज की 557 दिन की अखण्ड मौन तप साधना के महापारणा महोत्सव में भव्यातिभव्य आमंत्रण एवं पंचकल्याणक प्रतिष्ठा के मुख्य पात्रों का सम्मान समारोह रविवार को जे एल मार्ग पर द ग्रेंड बेंक्वट में आयोजित होगा। इस मौके पर सम्मेद शिखर जी से पूरे देश के भ्रमण पर निकले मुख्य प्रतिनिधि मण्डल एवं मुख्य पात्रों में शामिल महायज्ञ नायक पुण्यार्जक जयपुर निवासी देवेन्द्र-शैलजा जैन एवं परिवारजनों का जयपुर दिगम्बर जैन समाज की ओर से अभिनन्दन किया जाएगा। आयोजन से जुड़े हुए गुरु भक्त विपुल छाबड़ा एवं पवन जैन ने बताया कि जैन श्रमण संस्कृति के महान साधक साधना महोदधी उभयमासोपवासी अंतर्मना आचार्य 108 श्री प्रसन्न सागर जी महाराज पारसनाथ टोंक पर सम्मेद शिखर जी मधुबन में व्रत की 557 दिन की अखण्ड मौन साधना में लीन हैं ' जिसका महापारणा 28 जनवरी 2023 को होगा ' जिस हेतु एक भव्यातिभव्य महामहोत्सव का आयोजन दिनांक 27 जनवरी से 3 फरवरी 2023 तक किया जायेगा । आयोजन से जुड़े हुए नीलेश सोनी ने बताया कि इस महामहोत्सव में जयपुर के सभी समाज जन को आमंत्रित और निमंत्रित करने हेतु अंतर्मना गुरुदेव के कल्याणकारी आशीर्वाद के साथ सभी गुरू आज्ञानुवर्ती सभी साधर्मी भाइयों के बीच, रविवार, दिनांक 30 अक्टूबर को जयपुर महानगर में पधार रहे हैं।



# स्वर्गीय श्री सुंदर लाल-स्व.कंचन देवी बाकलीवाल सवारियां वाले की पुण्य स्मृति में सम्मेद शिखर जी एवं पंच पहाड़ी यात्रा संपन्न





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री सम्मेद शिखर जी एवं पंच पहाड़ी की यात्रा टी. सी. जैन सवारिया वाले के नेतृत्व मे 47 यात्रियों के दल ने सानंद सम्पन की। तारा चन्द जैन सवारिया वाले ने बताया कि 25 अक्टूबर को जयपुर से रेल द्वारा यात्रा प्रारंभ हुई, इस समूह में अजमेर के प्रतिमा - संदीप,यश, दर्श दोसी, प्रज्वल जैन एवं सवारिया के अल्पना-राजीव, लवीश जैन, इशिका जैन ने प्रथम बार सम्मेद शिखर जी की यात्रा कर पुण्यार्जन किया। यात्रा संयोजक आनंद जैन, मनीष सेठी, संदीप दोसी ने बताया कि यात्रा के दौरान सभी के लिये खाने और सम्मेद शिखरजी,चंपापुर, पावापुर, राजगीरी में रहने की समुचित व्यवस्था की गई। सीमा, रश्मि, अनतिमा जैन द्वारा यात्रा के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं पारिवारिक मनोरंजक खेल खिलाये गये। यात्रा में भंवरलाल-उषा, दुलीचंद-बबीता, रिखब - संगीता, सुशीला-अशोक, निर्मला - विनय कुमार, नमन-प्रियंका, आशीष-किरण, विनोद-ऋतु, अनिता, दीपक, राजीव, महावीर,शिवानी, पर्ल, पर्व, प्राची, निखिल, वान्या, अश्मी, धारवी, दैविक ने सुंदर व व्यवस्थित यात्रा के लिये प्रायोजक ताराचंद- किरण, हर्ष जैन का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया।









# 48 मण्डल पर 48 दीपक से हुये भक्तामर अनुष्ठान में झूमे श्रद्धालु

## आचार्य श्री सुनील सागर जी के सानिध्य मे भट्टारक जी की नशियां में हुआ आयोजन



आचार्य श्री सुनील सागर जी के सानिध्य मे भट्टारक जी की नशियां में 48 दीपक से 48 मण्डल पर भक्तामर अनुष्ठान का आयोजन सायंकाल 6 बजे से भव्य समारोह के अंतर्गत संगीत व भक्ति के साथ किया गया।



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा आचार्य श्री सुनील सागर जी वषायौग समिति एवं दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के तत्वावधान में आचार्य श्री सुनील सागर जी के सानिध्य मे भट्टारक जी की नशियां में 48 दीपक से 48 मण्डल पर भक्तामर अनुष्ठान का आयोजन सायंकाल 6 बजे से भव्य समारोह के अंतर्गत संगीत व भक्ति के साथ किया गया। रीजन अध्यक्ष राजेश-सीमा बडजात्या ने बताया कि आचार्य श्री की आरती के साथ समारोह की शुरूआत की गई। संयोजक राजेश पाटनी व मनीष लोग्या ने बताया कि कार्यक्रम मे चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन शांति कुमार- ममता सोगानी जापान वालों ने किया। जिनवाणी विराजमान श्रीमती बुलबुल कवर धर्मपत्नी स्वर्गीय नेमिचंद गंगवाल, राजेश - जैना, राकेश-रोशनी गंगवाल तथा मुख्य मंडल दीप प्रज्ज्वलन श्रीमती प्रकाश देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय ब्रजमोहन जैन, विनोद - शशि जैन तिजारिया ने किया। सन्मति ग्रुप के अध्यक्ष राकेश - समता गोदिका व सचिव अनिल - प्रेमा रावका ने बताया कि कार्यक्रम मे प्रसिद्ध गायक पंडित विकर्ष जैन सलेहा सतना मध्य प्रदेश निवासी तथा जयपुर के गायक अशोक गंगवाल, श्रीमती मंजू ठोलिया व श्रीमती समता गोदिका द्वारा संगीत व भक्ति से भव्यता के साथ किया गया। रीजन कोषाध्यक्ष पारस-मंजू जैन सभी सहयोगी संस्थाओं, दिगम्बर जैन सोशल ग्रूप, युवा मंडल , महिला मंडल का आभार व धन्यवाद प्रेषित किया।

||श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय नमः|| || श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय नमः||

# हृदय से हार्दिक आभार एवं सातिशय पुण्य की अनुमोदना

## बरकत नगर वर्षायोग 2022 के सौभाग्यशाली पुण्यार्जक परिवार



श्रीमती चेतना-चक्रेश कुमार जैन, श्रीमती एवांशी-CA यथेष्ठ जैन, CA चिन्मय जैन

## मान्यवर धर्म श्रेष्ठी धर्मानुरागी बन्धूवर


हर्षानुभूति युक्त विनम्र आलेख है कि बरकत नगर जयपुर में निरन्तर तेरह वर्षों से धर्मोल्लास व भक्ति भाव के साथ विभिन्न पूज्य दिगम्बर आचार्य मुनिराजों व आर्यिका माताओं के वर्षायोग श्रीमती चेतना-चक्रेश कुमार पुण्यार्जक परिवार की ओर से सानन्द सम्पन्न कराये जाते रहे हैं। यह एक अति स्मर्णीय इतिहास का परिचायक है।

इसमें श्री दिगम्बर जैन 1008 चन्द्रप्रभ मन्दिर प्रबन्ध समिति, अरिहन्त महिला मण्डल व जयपुर की सकल दिगम्बर जैन समाज का सर्वांगीण सहयोग प्राप्त होता रहा है।

इस वर्ष भी आहारचर्या, वैयावृति, प्रवचन स्वाध्याय आरती आदि के साथ आयोजित विभिन्न क्रार्यक्रमों में विशेष रूप से मुनि श्री के सोलह कारण वृत साधना के बत्तीस उपवास पश्चात वृहद पारणा महामहोत्सव में अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ इसके लिए पुण्यार्जक परिवार मंदिर प्रबन्ध समिति तथा अरिहन्त महिला मण्डल के साथ वर्षायोग 2022 के संयोजक सतीश जैन अकेला की ओर से आप सभी का हृदय से कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया जाता है।

भविष्य मे भी आप सब का सर्वांगीण सहयोग व स्नेह प्राप्त होता रहेगा ऐसा हम सबको पूर्ण विश्वास है।

सविनय



सतीश जैन 'अकेला'

**समस्त पूज्य आचार्यों,**
**मुनिराजों के पावन चरणों में बारम्बार नमोस्तु...**
**पूज्य आर्यिका माताजियों के चरणो में बारम्बार वन्दामी**
**व आप सभी को सादर जय जिनेन्द्र**

# सिद्ध चक्र महामण्डल अनुष्ठान के तहत इन्द्र इन्द्राणियों के हल्दी मेहंदी रस्म का हुआ आयोजन

## ध्वजारोहण के साथ 31 को होगा विधान का शुभारंभ



**निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में आर्यिका विज्ञा श्री माताजी के सानिध्य में 30 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक आयोजित होने वाले श्री सिद्ध चक्र मण्डल विधान की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है जिसमें शनिवार को सभी इन्द्र इन्द्राणियो के हल्दी मेहंदी रस्म का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सोधर्म इन्द्र महेन्द्र सारसोप, सानत कुमार इन्द्र, राजेश झांझरी, कुबेर इन्द्र ताराचन्द गोयल, यज्ञनायक ज्ञानचंद भाणजा, श्री पाल मेना सुन्दरी विनोद पाटनी एवं इन्द्र महेन्द्र चेनपुरा सहित सेकडों महिलाओं के साथ अनेक इन्द्र इन्द्राणियो ने भाग लिया। चातुर्मास कमेटी के मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि 31 अक्टूबर को विधान का ध्वजारोहण रामपाल जैन, ओमप्रकाश जैन, शिवराज जैन गाजे-बाजे के साथ करेंगे। एवं सभी पूजार्थी अनुष्ठान मे बैठकर सिद्धो की महाआराधना करेंगे। जौंला ने बताया कि अष्टान्हिका महापर्व को लेकर नव दिवसीय श्री सिद्ध चक्र मण्डल विधान की रुपरेखा की तैयारियों के अन्तर्गत शनिवार को हल्दी मेहंदी एवं 30 अक्टूबर को शाहीठाठ बाठ के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें हाथी घोड़े-बेन्डबाजों के साथ मुख्य मार्गो के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अंतर्मना महापारणा महामहोत्सव के लिए दिया विशिष्ट आमंत्रण

**सम्मेदशिखर जी. शाबाश इंडिया**



अंतर्मना महापारणा महाप्रतिष्ठा के भव्याति भव्य महामहोत्सव सम्मेदशिखर जी मे 27 जनवरी से 3 फरवरी तक चलेगा। इस महाआयोजन परम पूज्य साधना महोदधी उभयमासोपवासी अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागर जी महाराज का विशेष आशीर्वाद और महामहोत्सव के मुख्य अथिति के रूप मे भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अपना सानिध्य प्रदान करने के लिए समिति की और विशिष्ट आमंत्रण प्रदान किया गया। आदरणीय महामहिम ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया, यह हम सभी गुरु भक्तो व जैन समाज के लिए गौरव की बात है। **कोडरमा मीडिया प्रभारी राज कुमार अजमेरा, मनीष सेठी।**




## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर '**शाबाश इंडिया**' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

दैनिक ई-पेपर
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com